


**प्रेस नोट - दिनांक 13.12.2024**

**थाना कोतवाली सदर, जनपद उन्नाव।**

# पेमेण्ट एप के माध्यम से फ्रॉड कर निकाली गई संपूर्ण धनराशि पीड़िता के खाते मे कराई गई रिफण्ड

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में फोन पे के माध्यम से फ्रॉड कर निकाली गई 15500/- रू0 की संपूर्ण धनराशि थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा पीड़ित के खाते मे रिफण्ड कराई गई।**

**संक्षिप्त विवरण-** योगेन्द्र सिंह निवासी पुलिस लाइन थाना कोतवाली सदर उन्नाव द्वारा साइबर पोर्टल पर आनलाइन प्रार्थना पत्र बावत दिनांक 30.10.2024 को फोन पे के माध्यम से 15,500 /- रू0 का फ्राड होने विषयक दिया गया था। जिस पर थाना कोतवाली उन्नाव की टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए फ्राड की गयी 15,500 /- रू0 की संपूर्ण धनराशि आवेदक के खाते में रिफण्ड करायी गई।

**कार्यवाही करने वाली टीमः-**

1.अपराध निरीक्षक राजेश यादव थाना कोतवाली सदर ,जनपद-उन्नाव।
2.व0उ0नि0 बृजेश कुमार यादव थाना कोतवाली सदर ,जनपद-उन्नाव।
3.महिला आरक्षी सोनिया शर्मा, थाना कोतवाली सदर ,जनपद-उन्नाव।

**प्रेस नोट - दिनांक 13.12.2024**

**थाना बीघापुर, जनपद उन्नाव।**

# पुलिस की वर्दी पहन वाहन चालकों से वसूली करने वाला फर्जी सिपाही गिरफ्तार

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी उन्नाव व श्रीमान क्षेत्राधिकारी बीघापुर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बीघापुर पुलिस द्वारा वाहन चालकों से अवैध वसूली करने वाले फर्जी सिपाही को गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 12.12.2024 को थाना बीघापुर पुलिस द्वारा अवैध रूप से पुलिस की वर्दी पहने हुए वाहन चालको से वसूली करते हुए अभियुक्त शिव बक्स पुत्र वंश बहादुर उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम निवाजीखेड़ा पोस्ट विजयमऊ थाना सरेनी जनपद रायबरेली को ओमप्रकाश की दुकान के पास कस्बा बीघापुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद टेरीकाट की पैंट, अंगोला शर्ट व उत्तर प्रदेश पुलिस लिखी हुई मोनोग्राम लगी हुई पुलिस जैकेट व काले रंग के जूते, लाल बेल्ट एवं चपलास तथा बैरट कैप एवं एक अदद पीतल का ताज तथा एक अदद जाली आइडेंटी कार्ड हस्ताक्षर युक्त तथा एक अदद रोहित सिंह नाम की नेम प्लेट अंग्रेजी व हिंदी में लिखा है व उत्तर प्रदेश पुलिस के एक जोड़ी बैज तथा एक अदद सीटी डोरी व 7300 रुपए नकद (100-100 के 73 नोट) व एक अदद मोटरसाइकिल पैशन प्रो नंबर UP 33 AN 9765 जिसके वाइजर पर SPG तथा पीछे की नंबर प्लेट के नीचे मडगार्ड पर अंग्रेजी में POLICE लिखा हुआ मिला। अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 266/24 धारा 204/318(4)/338/336(2)/340(2)BNS का अभियोग पंजीकृत कर मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. शिव बक्स पुत्र वंश बहादुर उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम निवाजीखेड़ा पोस्ट विजयमऊ थाना सरेनी जनपद रायबरेली

## बरामदगी का विवरण-

1. एक अदद टेरीकाट की पैंट
2. 01 अदद अंगोला शर्ट
3. उत्तर प्रदेश पुलिस लिखी हुई मोनोग्राम लगी हुई पुलिस जैकेट
4. काले रंग के जूते 01 जोड़ी
5. 01 अदद लाल बेल्ट एवं चपलास
6. 01 अदद बैरट कैप
7. एक अदद पीतल का ताज
8. एक अदद जाली आइडेंटी कार्ड हस्ताक्षर युक्त
9. एक अदद रोहित सिंह नाम की नेम प्लेट अंग्रेजी व हिंदी में लिखा
10. उत्तर प्रदेश पुलिस के एक जोड़ी बैज
11. एक अदद सीटी डोरी
12. 7300 रुपए नकद (100-100 के 73 नोट)
13. एक अदद मोटरसाइकिल पैशन प्रो नंबर UP 33 AN 9765 जिसके वाइजर पर SPG तथा पीछे की नंबर प्लेट के नीचे मडगार्ड पर अंग्रेजी में POLICE लिखा हुआ।

## गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 श्री लक्ष्मण प्रसाद पाण्डेय थाना बीघापुर उन्नाव
2. का0 नरेन्द्र कुमार थाना बीघापुर जनपद उन्नाव
3. का0 विंकल कुमार थाना बीघापुर जनपद उन्नाव
4. का0 सत्यवीर थाना बीघापुर जनपद उन्नाव



# प्रेस नोट - दिनांक 13.12.2024

## थाना बेहटा मुजावर, जनपद उन्नाव ।

## दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बेहटा मुजावर पुलिस द्वारा दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 09.12.2024 को वादी की तहरीर पर थाना बेहटा मुजावर पर मु0अ0सं0 351/24 धारा 74/351(3) B.N.S. व 7/8 पाक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया । मुकदमा उपरोक्त की कार्यवाही के क्रम में पीड़िता का मेडिकल परीक्षण, बयान अंतर्गत धारा 180 BNSS व माननीय न्यायालय के समक्ष 183 BNSS के अंकित किये गये । पीडिता के कथन व मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर अभियोग में धारा 65(1) BNSS व 4(2) पॉक्सो एक्ट की बढोत्तरी की गयी । विवेचना के क्रम में मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त मंजेश कुमार पुत्र छोटे लाल निवासी महोलिया थाना बेहटा मुजावर जिला उन्नाव उम्र करीब 29 वर्ष को दिनांक 12.12.2024 को ग्राम हरईपुर के पास से गिरफ्तार किया गया ।

## गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

मंजेश कुमार पुत्र छोटे लाल निवासी महोलिया थाना बेहटा मुजावर जिला उन्नाव उम्र करीब 29 वर्ष

## गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 सुनील कुमार सिंह
2.हे0का0 अशोक कुमार



UNNAO POLICE

**प्रेस नोट - दिनांक 13.12.2024**

**थाना पुरवा, जनपद उन्नाव ।**




# मंदिर में चोरी करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार तथा एक बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया।

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पुरवा पुलिस द्वारा मंदिर में चोरी करने वाले दो अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया। तथा एक बाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस संरक्षण में लिया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 06.12.2024 को थाना पुरवा क्षेत्रान्तर्गत मां आनन्देश्वरी मन्दिर पश्चिमटोला कस्बा पुरवा में चोरी होने के सन्दर्भ में पर मु0अ0सं0 362/2024 धारा 305(d)/331(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। दिनांक 12.12.2024 को प्र0नि0 श्री राकेश कुमार गुप्ता मय हमराह पुलिस फोर्स द्वारा अभियुक्तगण 1. मुन्ना नि0मो0 वजीरगंज कस्बा व थाना पुरवा जनपद उन्नाव 2. रहमान पुत्र सज्जाक नि0मो0 मियांटोला कस्बा व थाना पुरवा जनपद उन्नाव को बिल्लेश्वर मन्दिर तिराहा के पास गिरफ्तार किया गया तथा एक बाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस संरक्षण में लिया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी किये गये 01 अदद सोने की नथनी, एक अदद चांदी का मुकुट, एक अदद सोने की बिन्दी व दान पात्र का 950 रुपया बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना पुरवा पर धारा 317 (2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई।

## अभियुक्तगण का विवरण-

1.मुन्ना नि0मो0 वजीरगंज कस्बा व थाना पुरवा जनपद उन्नाव

2.रहमान पुत्र सज्जाक नि0मो0 मियांटोला कस्बा व थाना पुरवा जनपद उन्नाव

**एक बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया।**

## बरामदगी का विवरण-

01 अदद सोने की नथनी, एक अदद चांदी का मुकुट, एक अदद सोने की बिन्दी व दान पात्र का 950 रुपया

## गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-

1.प्र0नि0 श्री राकेश कुमार गुप्ता
2.उ0नि0 सियाराम चौरसिया
3.उ0नि0 राजेन्द्र कुमार सरोज
4.कां0 संदीप सचान
5.कां0 आशीष तिवार
6.कां0 हर्ष अहलावत
7.कां0 प्रशान्त सिंह



**प्रेस नोट - दिनांक 13.12.2024**

**थाना बीघापुर, जनपद उन्नाव।**

# अवैध धारदार चाकू के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बीघापुर पुलिस द्वारा अवैध धारदार चाकू के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 11.12.2024 को व0उ0नि0 श्री हरीनिवास शर्मा मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त गोरे उर्फ शिवसिंह पुत्र स्व0 सूर्यपाल उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम जगदीशपुर थाना बीघापुर जनपद उन्नाव को कब्जे से एक अदद अवैध छुरी बरामद कर बेहटा गोपी जमुनाहार तिराहे से गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना बीघापुर पर मु0अ0सं0 265/24 धारा 4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

## गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

गोरे उर्फ शिवसिंह पुत्र स्व0 सूर्यपाल उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम जगदीशपुर थाना बीघापुर जनपद उन्नाव

## बरामदगी का विवरण-

01 अदद छुरी फल 17 अंगुल मुठिया 8 अंगुल कुल करीब 25 अंगुल

## गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-

1.व0उ0नि0 हरीनिवास शर्मा
2.का0 रोहन कुमार
3.का0 नरेन्द्र कुमार








